भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2216
उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025

भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन

2216. श्री राजू बिष्ट:

क्या संचार **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दार्जिलिंग, कलिमपोंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) इन जिलों में कुल कितनी ग्राम पंचायतें हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़ी हैं;

(ग) वर्ष 2019 से मोबाइल कवरेज के साथ-साथ इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए इन जिलों में शुरू की गई परियोजनाओं और निर्मित अवसंरचना का ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्ष 2019 से अब तक किन-किन गांवों में मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराया गया है और कितने गांवों को अभी भी मोबाइल और इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ा जाना है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) सरकार ने इन जिलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के तहत भारतनेट और 4जी सेचुरेशन परियोजना शुरू की है। दार्जिलिंग, कलिमपोंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	जिला	कुल ग्राम पंचायतें (जीपी)	सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतें (जीपी)
1	दार्जिलिंग	92	22
2	कलिमपोंग	41	0
3	उत्तरी दिनाजपुर	98	76

4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत, इन जिलों में कवरेज के लिए नियोजित 16 गांवों में से 2 गांवों को कवर किया गया है।

****